Title: Need to strengthen the rail track between Farrukhabad and Shikohabad in Uttar Pradesh. - Laid

श्री चन्द्र भूषण सिंह (फर्रुखाबाद) : महोदय, कानपुर से फर्रूखाबाद की मीटर लाइन बड़ी लाइन में परिवर्तित की जा रही है। फर्रूखाबाद से शिकोहाबाद के बीच बड़ी लाइन पहले से ही है, लेकिन इसकी रेल पटरी हल्की होने के कारण ट्रेन ३५-४० कि.मी. की गति से ही चल पाती है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त आमान के चौड़ीकरण के साथ-साथ फर्रूखाबाद से शिकोहाबाद के ट्रैक को भी सुदृढ़ीकृत कराने की व्यवस्था की जाए तभी कानपुर से दिल्ली वाया फर्रूखाबाद तेज गाड़ियों का आवागमन सम्भव होगा।